समाहरणालय-जहानाबाद

(वन स्टॉप सेंटर)

हमारा बिहार

पत्रांकः—......623...../ विज्ञापन संख्या—(..............................) दिनांक.....12/...06.../2024

ई—मेलः—dpo.jehanabad / icdsbih.gov.in

फोन नं0:— 9431005028

प्रेषक,

श्रीमती रश्मि सिन्हा,
जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
आई०सी०डी०एस०
जहानाबाद।

सेवा में

सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी
जहानाबाद।

विषय :— **वन स्टॉप सेंटर योजना के एकल पद पर विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वन स्टॉप, जहानाबाद में एकल पद पर विज्ञापन प्रकाशन हेतु पत्र के साथ संलग्न संबंधित सूचना NIC के वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

कृपया प्राप्ति स्वीकार किया जाय।

विश्वासभाजन

12/6/24

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
जहानाबाद।

ज्ञापांक......623...../ दिनांक—.......12......./.......06......../2024

प्रतिलिपि :— निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम को सूचनार्थ समर्पित।

12/6/24

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी
जहानाबाद।

Scanned with OKEN Scanner

समाहरणालय-जहानाबाद

(वन स्टॉप सेंटर)

पत्रांकः–....................../ विज्ञापन संख्या–(................................) दिनांक........../........../2024

ई–मेलः–dpo.jehanabad/icdsbih.gov.in फोन नं0ः– 9431005028

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक WCDC/2088/23 दिनांक–26.09.2023.के आलोक में वन स्टॉप सेंटर जिला–जहानाबाद के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदो पर सुयोग्य अभ्यर्थियो से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

क्र० सं०	पद का नाम एवं कार्य पदायित्व	शैक्षणिक अहर्त्ता	कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता	पदों की संख्या तथा कोटि	आयु	मूल मानदेय
1	मनो–सामाजिक परामर्शी (महिलाओ के लिए आरक्षित)	मनोविज्ञान तंत्रिका विज्ञान (न्यूरो साइंस) में स्नातक।	महिला स्वास्थ के मुद्दों पर सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।	01 (अनारक्षित)		22000/–
2	कंप्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक	कंप्यूटर/आई०टी० मे डिप्लोमा	डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोटिंग, विडियो कॉन्फ्रसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर सरकारी/आई०टी० संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।	01 (अनारक्षित)		17000/–

- उम्र सीमा–न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र विज्ञापन के तिथि को 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
- कर्मियो को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
- संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो जिला सरकारी सेवक माने जाएगें न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन वन स्टॉप सेन्टर के अधीन होगा।
- विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
- कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों की प्राथमिकता दी जायेगी।
- सरकारी/अर्द्ध सरकारी अथवा गैर– सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

विकसित बिहार के सात निश्चय

Scanned with OKEN Scanner

- चयन प्रक्रिया– निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु, सूचना संबंधित अभ्यर्थी उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के NIC वेबसाईट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी अभ्यर्थी को डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
- मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी के द्वारा कर्मियों द्वारा सेवा के नियमतीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के अधीन है। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।
- इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए https://online.bih.nic.in/WCDCREC/Default.aspx लिंक पर समर्पित करेंगे। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टयता से निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेगे।
- अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से NIC के वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला पदाधिकारी
जहानाबाद।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी [illegible]